खबर संक्षेप

## फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने भेजा डीडीए, वन विभाग और पुलिस को नोटिस

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के रिजर्व फॉरेस्ट एरिया में हुई 1100 पेड़ की कटाई मामले में फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने रविवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), वन विभाग और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। एक दिन पहले ही दिल्ली सरकार ने इस मामले की जांच के लिए सर्वसम्मति से कमेटी बनाई थी। इस कमेटी में मंत्री सौरभ भारद्वाज, आतिशी और इमरान हुसैन को शामिल किया गया है। यह कमेटी इस बात की जांच कर रही है कि इन पेड़ों को काटने का आदेश किसने दिया। अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर डीडीए, वन विभाग और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। समिति ने पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, प्रधान आयुक्त (एलडी एवं एलएम) डीडीए व आयुक्त (आवास) डीडीए, डीसीपी (दक्षिणी दिल्ली) के साथ संबंधित क्षेत्र के एसएचओ और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सोमवार को होने वाली बैठक में उपस्थित रहने का आदेश दिया है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को हलफनामा दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद समिति को 11 जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है।

## दिल्ली सरकार अपने डीयू कॉलेजों में दे प्रिंसिपल के पदों पर आरक्षण: फोरम

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में प्रिंसिपल पदों के विज्ञापन निकालकर नियुक्तियां हो रही है लेकिन उन पदों पर वैधानिक नियमों के तहत आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली सरकार अपने कॉलेजों में प्रिंसिपल के पदों पर आरक्षण लागू करे और ऑफिसिएटिंग प्रिंसिपल को पांच साल हो चुके है, उन्हें तुरंत पदों से हटाए जाने की मांग की है। दिल्ली यूनिवर्सिटी एससी, एसटी, ओबीसी टीचर्स फोरम के चेयरमैन प्रोफेसर कैलास प्रकाश सिंह यादव ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, एससी/एसटी के कल्याणार्थ संसदीय समिति को पत्र लिखकर याद दिलाया है कि संसदीय समिति दिल्ली विश्वविद्यालय में नौ साल पहले शिक्षा मंत्रालय, एससी/एसटी कमीशन, यूजीसी व डीओपीटी के अधिकारियों की टीम के साथ 9 जुलाई 2015 को दिल्ली विश्वविद्यालय में आरक्षण की समीक्षा करने, प्रोफेसर के पदों पर आरक्षण लागू कराने और प्रिंसिपल के पदों पर आरक्षण लागू करने का आश्वासन देकर गयी थी।

# पीएम की मन की बात कार्यक्रम हमें हर माह देता है एक नई प्रेरणा : नड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हमें हर माह एक नई प्रेरणा देता है और इस कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन भी देते हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आर के पुरम में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद अपने संबोधन में यह बातें कही। वहीं, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रवासियों के साथ जो आत्मीय जुड़ाव है उसका स्पष्ट प्रतिबिंब मन की बात कार्यक्रम में सदैव देखने को मिलता है, यह द्योतक है कि प्रधानमंत्री के लिए राष्ट्र व राष्ट्रवासी सदैव प्राथमिकता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार मन की बात कार्यक्रम के जरिए योग और खेल को लेकर बातें कही है।

### योग को दिनचर्या का भाग बनाए

सचदेवा ने सभी युवाओं और खासकर दिल्लीवासियों से अपील की है कि योग को अपने दिनचर्या का भाग बनाए। बता दें कि दिल्ली भाजपा ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का



आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली भाजपा पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं निगम पार्षद, स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ शामिल हुए। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका गुर्जर, सांसद बांसुरी स्वराज, राष्ट्रीय प्रवक्ता जी.वी.एल. नरसिम्हा राव एवं प्रेम शुक्ला, नई दिल्ली जिला अध्यक्ष राजीव राणा और पूर्व विधायक अनिल शर्मा ने आर.के. पुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। वीरेन्द्र सचदेवा ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए मन की बात कार्यक्रम में ग्रेटर कैलाश में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने एवं आर्य समाज मंदिर कोटला में राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने, न्यू अशोक नगर में केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने, मालवीय भवन में संगठन महामंत्री पवन राणा ने, बी. के. दत्त कॉलोनी में सांसद राधा मोहन सिंह ने, मोलडबंद बदरपुर में सांसद श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने, खेड़ाकलां में योगेंद्र चंदोलिया ने, चांदनी चौक में सांसद प्रवीन खंडेलवाल नें और रोहिणी में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

## डीएमआरसी ने रखा 2026 तक नए 65 किमी नेटवर्क को चालू करने का लक्ष्य

# मेट्रो फेज-4: तीनों गलियारों का 50 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) अपने चौथे चरण के विस्तार कार्य में और तेजी ला रही है। इसी कड़ी में डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. विकास कुमार ने आला अधिकारियों के साथ दौरा करते हुए जानकारी ली। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट संचार के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि एमडी कुमार दिल्ली मेट्रो के चरण चार के सभी कॉरिडोरों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। जिसके चलते कई बाधाओं के बावजूद चौथे चरण विस्तार के तीनों गलियारों का 50 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। डीएमआरसी का लक्ष्य है कि 2026 तक नए 65 किलोमीटर नेटवर्क को चालू कर लिया जाए।

### पेड़ों को काटने की अनुमति से देरी

दयाल ने बताया कि विस्तार के चौथे चरण की परियोजना पर हालांकि दिसंबर 2019 में कार्य



शुरू हुआ था, लेकिन कोरोना महामारी और कई जगह पेड़ों को काटने की अनुमति मिलने में हुई देरी की वजह से 2020 से 2022 तक निर्माण कार्य अधिक प्रभावित होने से समस्याएं आई। हालांकि अब भी कुछ स्थानों पर पेड़ों की कटाई और भूमि अधिग्रहण के लिए कई दिक्कते है जिनका समाधान होना बाकी है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इस विस्तार परियोजना पर पिछले डेढ़ दो साल से ही वास्तव में कार्य चल सका है। जानकारी अनुसार अभी तीनों गलियारों पर करीब 50 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है। जबकि रिंग रोड मेट्रो के तहत विस्तार खंड मजलिस पार्क-मौजपुर गलियारे पर लगभग 80 प्रतिशत सिविल कार्य पूरा हो चुका है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर भी अगले साल खुल सकता है। अधिकारी की माने तो एरोसिटी-तुगलकाबाद (गोल्डन लाइन) और जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर के विभिन्न हिस्सों पर सुरंग बनाने का कार्य प्रगति पर है। प्राथमिकता वाले कॉरिडोर के शेष हिस्से 2026 तक चरणबद्ध तरीके से खुलने की उम्मीद है।

### ओखला अंडरपास यातायात के लिए बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने जलभराव के कारण ओखला 'अंडरपास' में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है और लोगों से अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इसे ध्यान में रखने को कहा है। शनिवार को 'अंडरपास' में डूबने से 60 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद यह कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार और शनिवार को भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव और यातायात जाम की स्थिति पैदा हो गई थी। यातायात पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जलभराव के कारण ओखला अंडरपास में यातायात निषिद्ध कर दिया गया है। कृपया अपनी यात्रा की योजना बनाते समय इस बात का ध्यान रखें। अंडरपास के बंद होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई और यात्रा में समय भी अधिक लग रहा है। सोनू गुप्ता नाम के एक व्यक्ति ने बताया कि मैं पिछले कुछ समय से इस रास्ते से सफर करता रहा हूं, लेकिन कभी भी यहां जलभराव नहीं देखा। अंडरपास के ऊपर का रास्ता भी बंद है। इस बीच, लाल किला परिसर में पानी प्रवेश करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

### इस साल 15 जून तक गलत मार्ग पर वाहन चलाने पर 2,500 से अधिक लोगों पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली यातायात पुलिस ने इस साल 15 जून तक गलत मार्ग पर वाहन चलाने को लेकर 2,500 से अधिक लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। ये मामले पिछले साल जारी किए गए चालानों से लगभग 250 प्रतिशत अधिक हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में सबसे अधिक 572 चालान काटे गए। उन्होंने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि 2024 में दिल्ली यातायात पुलिस ने गलत मार्ग पर वाहन चलाने को लेकर 2,577 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जो 2023 में जारी किए गए 732 चालानों से काफी अधिक हैं। यह पिछले वर्ष की तुलना में मामलों में लगभग 252 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त दिल्ली यातायात पुलिस ने 2024 में सबसे अधिक चालान वाले शीर्ष 10 यातायात क्षेत्रों का विश्लेषण किया। अधिकारियों ने बताया कि सबसे अधिक 572 चालान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्र में काटे गए। उन्होंने कहा कि मयूर विहार क्षेत्र में 344, मधु विहार में 339, कमला मार्केट में 215, सिविल लाइंस में 195, नरेला में 194, कोतवाली में 178, तिमारपुर में 164, कापसहेड़ा में 86 और कल्याणुरी क्षेत्र में 59 चालान काटे गए।

## डॉ. साहिब सिंह समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए हमेशा कार्य करते रहे : प्रवेश



■ दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर घेवरा स्थित समाधि स्थल पर हवन एवं प्रार्थना सभा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्व. डॉ. साहिब सिंह वर्मा समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए हमेशा तत्परता से कार्य करते रहे, समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान के साथ सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल था। पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने रविवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता व अपने स्वर्गीय पिताजी साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर उक्त संबोधन ये विचार व्यक्त किये। रविवार को घेवरा स्थित समाधि स्थल पर डॉ. साहिब सिंह की याद में हवन व प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।

इस दौरान राजनैतिक दलों के नेता और कार्यकर्त्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों और समाज के प्रबुद्ध जनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदेश की सेवा में सदैव समर्पित रहे पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनका स्मरण किया। उन्होंने कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व संगठन के प्रति समर्पित रहा, प्रदेश की प्रगति में उनका योगदान और समर्पण हमेशा हमारी स्मृतियों में रहेगा। इस अवसर पर सांसदों, विधायकों, पार्षदों, भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने घेवरा स्थित उनकी समाधि स्थल पर नमन किया व श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सांसद योगेंद्र चंदोलिया कहा कि साहिब सिंह जी सरल व्यक्तित्व के धनी थे। उनका सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व संगठन के प्रति समर्पित रहा। उनके विचार व आदर्श हमें सदैव प्रेरित करते रहेंगे। प्रदेश महामंत्री व पूर्व पार्षद राजेश भाटिया ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री शिक्षाविद धरती पुत्र गरीबों के मसीहा परम पूजनीय डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। डॉ. साहिब सिंह जी का सम्पूर्ण जीवन किसानों के सशक्तिकरण, राष्ट्र व संगठन के प्रति समर्पित रहा। डॉ. साहिब सिंह जी के महान विचार व उनका आदर्श जीवन हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान में लगी आग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार तड़के एक दुकान में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को तड़के चार बजकर 18 मिनट पर इलेक्ट्रॉनिक सामान की एक दुकान में आग लगने



की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि आग पर पूरी तरह काबू पाने में दमकल की तीन गाड़ियों को दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

## बाबरपुर: रेस्तरां में लूटपाट करने के मामले में पांच लोग गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


दिल्ली के बाबरपुर में बंदूक के बल पर रेस्तरां के कर्मचारी से 65 हजार रुपये लूटने के मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि पांचों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वे पहले भी डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास और शस्त्र अधिनियम के मामलों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों की पहचान रिंकू (39), सनी (27), सचिन (23), शिवम (25) और हिमांशु (24) के रूप में की है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि 11 जून को बाबरपुर इलाके में हथियारबंद बदमाशों द्वारा 'नजीर' रेस्तरां में लूटपाट किए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि दो लोगों ने बंदूक दिखाकर रेस्तरां के कैशियर और वेटर से कथित तौर पर 65 हजार रुपये और तीन मोबाइल फोन लूट लिए। गोयल ने बताया कि अपराध शाखा ने वेलकम पुलिस के साथ मिलकर जांच शुरू की। डीसीपी ने कहा कि सनी और रिंकू को 10 दिन के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया और बताया कि तीसरा व्यक्ति शिवम भी उनके साथ इस अपराध में शामिल था। उन्होंने पुलिस को बताया कि सचिन भी इसमें शामिल था, जिसे 22 जून को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि शिवम को भी उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार हिमांशु को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके पास से दो देसी पिस्तौल बरामद की गईं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के साथ कुल सात मामले सुलझा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

मारपीट का मामला

## बिभव की याचिका पर आज फैसला सुनाएगा हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की उस याचिका की विचारणीयता के मुद्दे पर सोमवार को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें उन्होंने आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर कथित मारपीट के सिलसिले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने 31 मई को कुमार के अधिवक्ता और दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वकीलों की दलीलें



सुनने के बाद उनकी याचिका की विचारणीयता पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। केजरीवाल के सरकारी आवास पर 13 मई को मालीवाल के साथ कथित मारपीट के सिलसिले में कुमार को दिल्ली पुलिस ने 18 मई को गिरफ्तार किया था। कुमार फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। कुमार ने याचिका में, उनकी 'अवैध' गिरफ्तारी के लिए 'उचित मुआवजा' और गिरफ्तारी के निर्णय में शामिल दोषी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है।

## आबकारी घोटाला: कविता की जमानत अर्जी पर आदेश पारित कर सकता है हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत अर्जी पर सोमवार को अपना आदेश सुना सकता है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा एक जुलाई को अपराह्न 2:30 बजे फैसला सुनाएंगी। उन्होंने 28 मई को कविता की दोनों जमानत अर्जियों पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। कविता ने निचली अदालत के छह मई के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें भ्रष्टाचार के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धन शोधन मामले में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी गई थी। कविता के वकील ने कहा था कि कथित आबकारी नीति घोटाला मामले में 50 आरोपियों में से वह (कविता) अकेली महिला हैं और अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें जमानत देने पर विचार किया जाए। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार एवं धन शोधन से संबंधित है। हालांकि, इस नीति को बाद में रद्द कर दिया गया था। ईडी ने कविता (46) को 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था।



## राजस्व मंत्री आतिशी ने दिया आदेश

# बारिश के कारण जान गंवाने वालों के परिवारों को मिलेगा 10-10 लाख रुपए का मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली में 28 जून को हुई तेज बारिश में हुए हादसों और पानी में डूबने से जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दिल्ली सरकार ने 10-10 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है। इस बाबत एक आदेश दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने रविवार को जारी कर दिया है।

राजस्व मंत्री आतिशी द्वारा जारी आदेश के अनुसार शुक्रवार 28 जून को रिकॉर्ड 228 मिमी बारिश होने के बाद डूबने से कई लोगों की मौत हुई। इस बाबत निर्देश दिया गया है कि इस बारिश में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है उनके परिजनों को 10-10 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस बाबत एसडीएम राजस्व को क्षेत्रीय अस्पतालों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से अपनी जान गंवाने वालों की पहचान करके उन्हें दिल्ली सरकार की ओर से तुरंत मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया है। मंत्री आतिशी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि पीड़ित परिवारों के पास जल्द से जल्द मुआवजा राशि पहुंचाई जाए। उल्लेखनीय है कि 28 जून को हुई रिकाने बारिश ने कई लोगों के घर उजाड़ दिए, बारिश से जुड़े हादसों में दिल्ली में कई लोगों की मौत हो गई।



दिल्ली में शुक्रवार 28 जून को हुई तेज बारिश के चलते इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 की छत का एक हिस्सा वहां खड़ी कारों पर गिर पड़ा, जिससे एक कैब चालक की मौत हो गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, रोहिणी के प्रेम नगर इलाके में 39 साल के व्यक्ति की करंट लगने से मौत हो गई। इसके अलावा शाहदरा के न्यू उस्मानपुर इलाके में बारिश के पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में एक अंडरपास में जमा बारिश के पानी में डूबने से 20 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा बारिश से अन्य लोगों की भी मौतें हुई हैं।

### परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा दे दिल्ली सरकार : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली में शुक्रवार को हुई बारिश में दस लोगों की मौत पर दिल्ली सरकार से इन सभी लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की है। रविवार को उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण बारिश के दौरान 10 लोगों की मौत हो गई। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि सरकार यह भी बताए कि इस लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है और उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि बारिश से चार दिन पहले ही दिल्ली की महापौर ने दावा किया था कि दिल्ली के 93 फीसदी बड़े नालों और 85 फीसदी छोटे नालों की सफाई कर दी गई है। इस सफाई पर सरकार ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं लेकिन बारिश के बाद वे सारे दावे पानी में बह गए। सरकार यह कहकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती कि रिकॉर्ड बारिश के कारण जितने भी इंतजाम किए गए, वे पर्याप्त नहीं रहे।

- बारिश में मौतें आप सरकार की लापरवाही का नतीजा
- इस लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है

### मिंटो ब्रिज पर सरकार ने सफाई के झूठे दावे पेश किए थे

बिधूड़ी ने कहा कि सच्चाई यह है कि सरकार ने सफाई के झूठे दावे पेश किए थे। उदाहरण के लिए मिंटो ब्रिज पर दोनों तरफ पांच-पांच पंप लगाने की बात कही गई थी लेकिन एक तरफ तो पंप लगाए ही नहीं गए और दूसरी तरफ भी सभी पंप नहीं चल पाए। यही स्थिति बाकी सभी अंडरपास की भी रही। अंडरपास में ही डूबने की चार घटनाएं हुई हैं। जिन अंडरपास और निचली जगह पर पानी भर गया, उस पानी को निकालने के लिए भी कहीं कोई इंतजाम नहीं किए गए। जाहिर है कि सरकार के सारे दावे केवल कागजी ही थे।

### हर बार दिल्ली बारिश के पानी में डूब रही है

बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार हमेशा हर जिम्मेदारी से भागती रही है। पिछले दस वर्षों से हर बार दिल्ली बारिश के पानी में डूब रही है। दो साल पहले तक आप सरकार नगर निगम को जिम्मेदार ठहरा देती थी लेकिन अब तक नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी ही सत्तारूढ़ है और वह अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकती। उसे बताना ही होगा कि आखिर हर वर्ष नालों की सफाई के लिए आवंटित किया गया सैंकड़ों करोड़ रुपया कहां जाता है। बारिश के कारण हर साल कितने ही लोगों की जान जाती है और माल का भी अरबों रुपए का नुकसान हो जाता है।

### भारी बारिश के चलते डीजेबी का चंद्रावल संयंत्र अब भी बाधित, मंत्री ने किया दौरा

नई दिल्ली। गत शुक्रवार को हुई भारी बारिश के चलते दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के चंद्रावल जल शोधन संयंत्र में आई खराबी तीसरे दिन रविवार को भी दूर नहीं की जा सकी। रविवार को दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने आला अधिकारियों के साथ यहां का दौरा भी किया और संयंत्र को लेकर पूरी जानकारी ली। आतिशी ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जहां जलापूर्ति बाधित हो रही है वहां हर हाल में टैंकरों से आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि बहुत जल्द संयंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य शुरू कर देगा। खराबी के चलते चंद्रावल जल शोधन संयंत्र अपनी तय क्षमता से कम शोधन कर पा रहा है। डीजेबी के अनुसार खराबी के चलते चंद्रावल संयंत्र में करीब 18 एमजीडी शोधन घट गया है। जिसके चलते दिल्ली के अनेक हिस्सों में जलापूर्ति बाधित हो रही है। डीजेबी का दावा है कि हर संभव टैंकरों द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। डीजेबी के अनुसार रविवार को कुल 956 एमजीडी की बजाए 938 एमजीडी पानी का शोधन हुआ। डीजेबी के अनुसार खराबी के चलते केवल चंद्रावल संयंत्र में ही कच्चे पानी का 18 एमजीडी शोधन हुआ कम हुआ है। जबकि शेष 8 संयंत्र अब भी अपनी पूरी क्षमता के साथ चालू है और जल शोधन का कार्य कर रहे है।

### अब चंद्रावल प्लांट पूरी तरह ठीक, जलापूर्ति होगी सामान्य : जल मंत्री

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड ने तेजी से काम करते हुए चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के पंप हाउस से पानी निकालने का काम पूरा कर लिया है और मोटरों की मरम्मत भी पूरी हो चुकी है और अब पानी की सप्लाई भी सामान्य हो जाएगी और लोगों को समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह बात दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार के चन्द्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थित पंप हाउस का निरीक्षण करने के दौरान कही। गौरतलब है कि जल मंत्री आतिशी ने रविवार सुबह दिल्ली जल बोर्ड और शहरी विकास विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थित पंप हाउस का निरीक्षण किया। बता दें कि पिछले दिनों दिल्ली में अप्रत्याशित रूप से बारिश हुई। सामान्य समय में दिल्ली में पूरे मानसून के दौरान 800 मिमी बारिश होती है लेकिन 2 दिन पहले शुक्रवार को 24 घंटे में ही 228 मिमी बारिश हो गई। इस कारण चंद्रावल वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थित पंप हाउस में पानी घुस गया। इस कारण पंप हाउस की मोटरों को नुकसान पहुंचा। इस पम्प हाउस के जरिए मध्य दिल्ली के कई इलाकों में पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन पंप हाउस के मोटरों को हुए नुकसान के कारण इन इलाकों में सप्लाई बाधित हुई। इस बाबत रविवार को जल मंत्री आतिशी ने पंप हाउस का निरीक्षण किया।

### जलभराव की समस्या दूर करने के लिए मिंटो ब्रिज पर पंप हाउस की बढ़ेगी क्षमता

नई दिल्ली। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने रविवार को उच्चाधिकारियों के साथ मिंटो ब्रिज अंडरपास स्थित पंप हाउस का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इसकी क्षमता को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि मिंटो ब्रिज पर मौजूद पंप हाउस की बढ़ाई जाए ताकि दोबारा जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी जलभराव को रोकने के नई तकनीकों का इस्तेमाल करें, हर जरूरी कदम उठाए ताकि लोगों को जलजमाव का सामना न करना पड़े। दिल्ली सरकार के अनुसार मानसून के दौरान सामान्य दिनों में दिल्ली में 20-25 मिमी बारिश होती है। 2-3 साल पहले तक मिंटो ब्रिज अंडरपास पर कम बारिश में ही जलजमाव हो जाता था लेकिन इसे दूर करने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा कई स्थाई कदम उठाए गए। पीडब्ल्यूडी ने यहां एक अतिरिक्त ड्रेनेज लाइन बनाई। इमरजेंसी अलार्म सिस्टम सहित ऑटोमेटिक पंप तैनात किए इस कारण पिछले साल कई दिन 100 मिमी से ज़्यादा बारिश होने के बाद भी यहां जलजमाव नहीं हुआ। लेकिन इस साल पिछले दिनों 24 घंटे में ही 228 मिमी बारिश हुई जो दिल्ली में मानसून के दौरान होने वाली कुल बारिश का 25 प्रतिशत है। ऐसे में इस अप्रत्याशित बारिश के कारण अंडरपास में जलजमाव की समस्या सामने आई। दरअसल शुक्रवार को हुई रिकॉर्ड बारिश के कारण मिंटो ब्रिज अंडरपास पर लगे पंप से पानी निकालने में अधिक समय लगा। इससे काफी समय तक यहां जलभराव की समस्या रही। यहां जलभराव की समस्या दोबारा न हो इसको देखते हुए रविवार को लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ यहां के पंप हाउस का निरीक्षण किया।

### जलमग्न दिल्ली के लिए कांग्रेस ने बताया मंत्री सौरभ को जिम्मेदार, मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। भारी बारिश से शुक्रवार को जलमग्न हुई दिल्ली के लिए दिल्ली कांग्रेस ने केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज को जिम्मेदार ठहराते हुए इस्तीफा मांगा है। इस मुददे पर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केजरीवाल सरकार पर निशाना लगाते हुए कहा कि देश की राजधानी दिल्ली एक ही बारिश में जलमग्न हो गई, जबकि मंत्री कोरी बयानबाजी करते घूम रहे है। यादव ने कहा कि राजधानी जलमग्न दिल्ली के लिए केजरीवाल सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज पूरी तरह से जिम्मेदार है उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मांग की है कि जलभराव को लेकर दिल्ली और केन्द्र सरकार आरोप प्रत्यारोप की राजनीति बंद कर संबंधित विभागों के मंत्रियों से जवाब तलब करें। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि सीएम केजरीवाल ने दिल्ली को झीलों का शहर बनाने का जो वादा किया था वह पहली ही बारिश में पूरा हो गया है। आम आदमी पार्टी से कांग्रेस के गठबंधन पर की जा रही बयानबाजी का जबाब देते हुए देवेंद्र ने कहा कि मंत्री सौरभ भारद्वाज शायद भूल गए है कि गठबंधन में आप ने कांग्रेस से अलग होने की घोषणा लोकसभा चुनाव के परिणाम के दूसरे दिन ही कर दी थी। आम आदमी पार्टी में व्याप्त भ्रष्टाचार का नतीजा है कि केजरीवाल, सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन आज जेल में है तथा आतिशी व सौरभ भारद्वाज सहित दर्जन भर विधायक जांच एजेंसियों की सूची में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और हम जनता से जुड़े सभी मुद्दों पर विपक्षी दल होने के नाते दिल्लीवालों के हितों की रक्षा के लिए अपना कर्तव्य निभा रहे है। अगर दिल्ली के मंत्रियों को कांग्रेस के बयान पर आपत्ति है तो वह केजरीवाल की रिहाई की लड़ाई छोड़ सबसे पहले दिल्ली वालों के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने कहा कि जल संकट और जल भराव से बर्बाद और ध्वस्त स्वास्थ सेवाओं की जिम्मेदारी लेते के सौरभ भारद्वाज को बयान नही इस्तीफा देना चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा सांसदो के साथ उपराज्यपाल का डूबी दिल्ली में कुछ चिन्हित क्षेत्रों तैमूर नगर, बारापूला ड्रेन, आईटीपीओ, तिलक ब्रिज, कुशक नाला और गोल्फ लिंक के नालों का दौरा करने के बाद संबधित एजेंसियों को युद्ध स्तर पर नालों से गाद निकालने, नालों के किनारे से कचरा, मलबा, कीचड़ व गाद को जल्द हटाने के निर्देश देने का बयान विरोधाभासी है। क्योंकि 20 जून को दिल्ली सरकार, डीडीए, पीडब्लूडी, बाढ़ एवं सिचाईं विभाग ने 82 प्रतिशत गाद निकलाने और दिल्ली नगर निगम ने 92 प्रतिशत गाद निकालने का दावा किया था। लेकिन एक ही बारिश में जलजमाव से तहस नहस हुई दिल्ली का मुख्य कारण भ्रष्टाचार है। अगर वास्तविकता में भी 50 प्रतिशत गाद निकालने का काम दिल्ली सरकार, डीडीए, दिल्ली नगर निगम करती तो ऐसी बर्बादी का मंजर दिल्ली नहीं देखती।

### दिनभर उमस ने किया दिल्ली वालों को परेशान, आज भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली। दिल्ली वालों को गत शुक्रवार को हुई भारी बारिश दे भीषण गर्मी से तो राहत प्रदान की लेकिन अब उमस ने दिल्ली वालों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को दिनभर दिल्ली वाले भारी उमस से परेशान व पसीना पसीना होते रहे। लेकिन मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि आज सोमवार को राजधानी में मूसलाधार बारिश होने की प्रबल संभावना बन रही है। इस बारे में निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि जुलाई की शुरुआत दिल्ली सहित कई राज्यों में मूसलाधार बारिश से होने जा रही है। पलावत के अनुसार 28 जून को छोड़ दे तो पूरे महीने प्री मानसून बारिश न के बराबर दर्ज हुई। लेकिन अब मानसून के आने के बाद दिल्ली वालों को झमाझम बारिश देखने को मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि झमाझम बारिश दिल्ली के अलावा एनसीआर क्षेत्रों में सोमवार को भारी से भारी बारिश की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी तरफ प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने भी भारी बारिश के लिए अनुमान जताया है। आईएमडी ने फिलहाल भारी बारिश लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम का सामान्य तापमान है। वहीं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1 एक डिग्री कम है। दिनभर आसमान पर बादल आते जाते रहे, लेकिन देर रात हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई।

# आप के नियमित प्रयासों से रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बावजूद भी दिल्ली में स्थिति नियंत्रित है : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार के नियमित प्रयासों से रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बावजूद भी दिल्ली में स्थिति नियंत्रित है। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपनी यह बातें साझा की। उन्होंने लिखा कि जल भराव को लेकर सदर बाजार विधानसभा के किशनगंज इलाके में एमसीडी अधिकारियों, स्थानीय पार्षद उषा शर्मा एवं स्थानीय विधायक सोमदत्त के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई बारिश ने 88 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिसमें दिल्ली में हुई कुल बारिश का 25 प्रतिशत हिस्सा सिर्फ कुछ घंटों में ही बरस गया। एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई विभाग और दिल्ली जल बोर्ड के सभी अधिकारी दिल्ली के लोगों की मदद के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



### पूरी तरह भ्रष्टाचार की दलदल में डूबी है केजरीवाल सरकार : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली की केजरीवाल सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार की दलदल में डूबी है और अभी जो मामले सामने आये हैं वह तो ट्रेलर हैं अभी जब दिल्ली जल बोर्ड एवं जासूसी कांड की जांच शुरू होगी तो पूरी काली फिल्म सामने आयेगी। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि सांसद संजय सिंह सहित आम आदमी पार्टी नेताओं की राजनीतिक हताशा दिनोंदिन बढ़ती जा रही। "आप" के सांसद हों, दिल्ली सरकार के मंत्री हों या फिर विधायक एवं पार्षद उन्हें जनहित कार्यो की नहीं केवल भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिंता लगी रहती है। सचदेवा ने कहा है कि यदि अरविंद केजरीवाल एवं जेल में बंद "आप" के अन्य नेता निर्दोष हैं तो उन्हें किसी भी नियमित न्यायालय से जमानत नहीं मिलती ? सचदेवा ने कहा है कि सचदेवा ने कहा कि सांसद संजय सिंह दिल्ली वालों को जवाब दें कि वह 6 साल से दिल्ली से सांसद हैं, रात दिन ब्यानबाजी करते हैं पर 28 जून को जब दिल्ली पर संकट की बारिश हुई तो वह कहां लापता थे ?

### जल भराव की 40 शिकायतों को अभी भी नहीं हुआ निस्तारण

नई दिल्ली। दिल्ली में दो दिन पहले हुई बारिश का पानी अभी कई इलाकों में भरा हुआ है। इसका अंदाजा दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में दर्ज शिकायतों से लगता है। दरअसल पीडब्ल्यूडी के ऑनलाइन शिकायत प्रकोष्ठ में पूरे जून माह में जलभराव की 515 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें 40 शिकायतें अभी भी लंबित हैं। अर्थात 40 जगहों पर अभी भी पानी भरा हुआ है।दरअसल दो दिन पहले शुक्रवार को हुई तेज बारिश के बाद पूरी दिल्ली में कई जगह जलभराव हुआ। इसके बाद से सरकारी तंत्र रात दिन लगकर जलभराव की समस्या को दूर करने में लगा है। वहीं अन्य शिकायतों की बात करें तो जून माह में सबसे अधिक सीवर की शिकायतें दर्ज हुई। जून माह में सीवर की 920 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें अभी 441 शिकायतों का निस्तारण नहीं हुआ है। इसी तरह जून माह में बागवानी अर्थात पेड़ गिरने आदि की 523 शिकायतें दर्ज हुईं इनमें से 225 शिकायतों का निपटारा अभी बाकी है।

# जल संकट को लेकर सीएम केजरीवाल और मंत्री राय का जलाया पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली में जल संकट का समाधान नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर रविवार को बाबरपुर विधानसभा के सुभाष मोहल्ला वार्ड से निगम पार्षद मनीषा पूनिया के नेतृत्व में जनता सड़कों पर उतरी और जल संकट को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल और मंत्री गोपाल राय का पुतला जलाया। पार्षद मनीषा पूनिया ने बताया कि दिल्ली में पानी की परेशानी बहुत गंभीर हो चुकी है। लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। पानी मूलभूत आवश्यकता है इसके बिना जीवन जीना संभव नहीं, हम देश की राजधानी में रह रहे हैं मगर दिल्ली सरकार और यहां के विधायक गोपाल राय पानी की समस्या को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। इलाके में पाइपलाइन लीकेज है, 10 साल से मंत्री है लेकिन नई पाइपलाइन नहीं डलवाई गई है, टैंकर माफिया दिल्ली में हावी है। लोगों की शिकायत है कि पानी आता नहीं और आता भी है तो बहुत गंदा आता है। अधिकारियों पर शिकायत करने का कोई असर नहीं हो रहा है। जल बोर्ड के जेई अंकुर फोन नहीं उठाते है। जनता ने आज परेशानियों से जूझते हुए मजबूर होकर भीषण गर्मी में सड़कों पर उत्तरी है और अपना अधिकार पीने का पानी मांग रही है। प्रदर्शन में मंडल अध्यक्ष योगेश पराशर, संजय राजपूत, आशीष पुनिया, प्रांजल आदि लोग उपस्थित रहे।



- बाबरपुर विधानसभा : पानी की मांग को लेकर सड़कों पर उतरी जनता : मनीषा पूनिया

पार्षद मनीषा ने बताया कि यहां गुरुद्वारा गली, दुवाआ गली, विजय पार्क की गली नंबर 8 गली नंबर 1 दुर्गा गली नंबर 4 मंदिर वाली गली बी ब्लॉक ऐसी अनेक गलियां है जिसमें लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। हमने भी आंदोलन के माध्यम से सरकार और विधायक को चेतावनी दी है कि अगर यह समस्या का समाधान नहीं किया गया तो यह आंदोलन और उग्र होगा। जिस तरह आज केजरीवाल और गोपाल राय का पुतला जनता ने जलाया है। इनका घमंड भी आने वाले समय में जनता इसी प्रकार जला देगी। पानी मिलना मूलभूत अधिकार है और जिसका जो कर्तव्य उसे निभाना पड़ेगा।

